प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'बयालीस'

प्रश्न सं. [क्र. 2015]

① 1557 [17/3/2016] परिशिष्ट

मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मंत्रालय भोपाल

क्र 547 स/म.प्र.शा/लो.स्वा.यां.वि./ भोपाल, दिनांक 21-06-06.

प्रति,

आयुक्त

————————संभाग————————

विषयः समग्र स्वच्छता अभियान/स्वजलधारा योजना हेतु जिला समन्वयक नियुक्त करने बावत्।

विगत दिनों सभी संभाग स्तर पर आयोजित समग्र स्वच्छता/स्वजलधारा योजना हेतु कार्यशालाओं में यह स्पष्ट हुआ है कि जिला स्तर पर इन योजनाओं को गति देने हेतु जिला समन्वयक की आवश्यक्ता हैं।

अतःजिला स्तर पर जिला समन्वयक नियुक्त किये जाने का निर्णय लिया गया है । इस हेतु निम्नानुसार चयन समिति का गठन किया है।

1	आयुक्त	अध्यक्ष
2	परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता /मुख्यालय अधीक्षण यंत्री	सदस्य
3	मुख्यालय के जिलाध्यक्ष/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत	सदस्य
4	परियोजना अधिकारी यूनिसेफ	सदस्य
5	मुख्यालय स्तर से नामांकित अधिकारी	सदस्य

जिला समन्वयक नियुक्त की जाने तथा उससे संबंधित विभिन्न जानकारी जैसे उनके द्वारा संपादित किया जाने वाला कार्य ,वेतन और भत्ता आदि का विवरण इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित है।

आपकी सहमति से उक्त चयन हेतु विज्ञापन आदि मुख्यालय स्तर से प्रकाशित किया जा सकता है।

उक्त चयन प्रक्रिया माह जुलाई के अंत तक संपन्न की जाना प्रस्तावित है । इससे सभी जिलों में अगस्त माह से जिला समन्वयक उपलब्ध हो सकेंगें ।

20/6/06

सचिव
मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

(2)

क्र548 स/म.प्र.शा/लो.स्वा.यां.वि./ भोपाल, दिनांक 21.6.06

प्रतिलिपिः

1. कलेक्टर ———————— जिला एवं स्वच्छता समिति की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
2. परियोजना अधिकारी युनिसेंफ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

20/6/06

सचिव
मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग